# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 299 / भण्डार / 2024 भोपाल, दिनांकः 24/12/2024

## फोटोकॉपी कार्य की प्रथम ई–निविदा वर्ष : 2024

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विभिन्न प्रशासनिक कक्षों एवं शैक्षणिक विभागों के कार्यालयीन कार्य को सुगमता पूर्वक करने के दृष्टिगत् सत्य भवन में फोटोकॉपी कार्य हेतु ऑन–लाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, शर्ते एवं विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु म.प्र.शासन की वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर लॉग–ऑन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1,000–00 (एक हजार मात्र) तथा सुरक्षा निधि रू. 15,000–00 (रू. पंद्रह हजार मात्र) है। इन्हें ऑन–लाईन जमा किया जाना है।

निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 5,00,000–00 (पॉच लाख रूपये मात्र) है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने संबंधी विवरण निम्नानुसार हैः–

| स.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 24/12/2024 | निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेवसाईट **https://mptenders.gov.in** |
| 02 | Document Download/Start Date | 24/12/2024 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 24/12/2024 | |
| 04 | Document Download/Sale End Date | 15/01/2025 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 15/01/2025 | |
| 06 | Bid Opening Date | 16/01/2025 | |

निविदा संबंधी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट WWW. Bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

कुलसचिव

## भाग– 1
## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

परिचय :–

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में प्रशासनिक परीक्षा संबंधी कार्य सत्यभवन में संचालित होते है। इसके साथ ही एन.एस.एस., एक्वाकल्चर विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालय मुद्रणालय, बी.एड. विभाग, माईक्रोबायलॉजी विभाग, अर्थ साइन्स विभाग, भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, यूनिक, बायोसान्इस विभाग, जेनेटिक्स विभाग, बायोकेमेस्ट्री विभाग, पर्यावरण विभाग, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, फार्मेसी विभाग, महिला अध्ययन विभाग, इन्जिनियरिंग कालेज, भाषा विभाग, कामर्स विभाग, मनोविज्ञान विभाग, रिजनल प्लानिंग एवं इकोनामिक्स ग्रोथ विभाग, समाजशास्त्र विभाग, विधि विभाग, एम.बी.ए. विभाग तथा छः छात्रावासों अतिथि गृह आदि विभाग कार्यरत है।

विश्वविद्यायल के शैक्षणिक विभागों में यू.जी.सी. एवं विभिन्न एजेन्सियों से प्राप्त अनुदान से अनुसंधान कार्य किया जाता है।

सत्य भवन में मुख्य प्रशासकीय विभाग स्थित है, जैसेः– प्रशासन विभाग, लेखा विभाग, विकास विभाग, अकादमी विभाग, भण्डार विभाग यांत्रिकी विभाग, परीक्षा विभाग, गोपनीय विभाग, छात्र कल्याण विभाग, कुलपति कार्यालय एवं कुलसचिव कार्यालय आदि है।

**निविदा का उद्देश्य :–**

निविदा का मुख्य उद्देश्य बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विभिन्न विभागो के कार्यालयीन कार्य संपादित करने में फोटोकॉपी कार्य की आवश्यकता होती है। जैसे की विभिन्न विभागों में समिति के मिनिट्स, आदेशों एवं परिपत्र तथा सूचनाओं की फोटोकॉपी एवं स्पाईरल बांइण्डिग का कार्य आदि। विश्वविद्यालय में प्रतिदिन आने वाले छात्रों को भी फोटोकॉपी की आवश्यकता होती है। उनके लिए सत्य भवन में स्थित फोटोकॉपीयर होने से वे तत्काल फोटोकॉपी करा सकते है।

**निविदा प्रस्तुत करने की प्रकिया**

निविदा की शर्तें तथा पात्रता वेबसाईट https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा संबंधी सामान्य जानकारी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल की वेब–साईट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है। निविदा को वेब–साईट https://mptenders.gov.in पर ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना हैं। निविदा का में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब–साईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मुल्य रू. 5,00,000–00 ( पॉच लाख रूपये मात्र) हैं–

निविदा ऑन–लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार हैः–

| स.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 24/12/2024 | निविदा ऑन–लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेब–साईट **https://mptenders.gov.in** पर भी दर्शित है। |
| 02 | Document Download/Start Date | 24/12/2024 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 24/12/2024 | |
| 04 | Document Download/Sale End Date | 15/01/2025 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 15/01/2025 | |
| 06 | Bid Opening Date | 16/01/2025 | |

यदि अपरिहार्य कारणों से निर्धारित दिनांक को निविदाएं खोली नहीं जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर उन्हें खोला जायेगा।

**प्रक्रिया–1:** निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000/– (एक हजार रूपये मात्र) है। सुरक्षा निधि रूपये 15,000/–(पंद्रह हजार रूपये मात्र) हैं। यह राशि ऑन–लाईन जमा किया जाना हैं। जमा की गई दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना हैं।

**प्रक्रिया–2:** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही तकनीकी निविदा देखी जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन पर अपलोड किए जाने है।

**प्रक्रिया–3:** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 2 मे योग्य पाई लाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा ऑन–लाईन प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

## भाग– 2
## निविदा की अर्हकारी शर्ते

2.1 फर्म द्वारा पिछले पॉच (2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23, 2023–24) में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो में मान्यता प्राप्त संस्था हेतु फोटाकॉपी एवं स्पाईरल बाईण्डिग कार्य का अनुभव होना चाहिए। संबंधित संस्था का कार्य आदेश/प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें।

2.2 निविदाकर्ता फर्म का पिछले पॉच (2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23, 2023–24) वर्षो में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो में न्यूनतम रू. 15–00 लाख प्रतिवर्ष का टर्न ओवर का होना अनिवार्य हैं। फर्म के टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से हस्ताक्षरित प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करें।

2.3 निविदाकर्ता फर्म किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बावत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, तथा शपथ पत्र में सभी निर्धारित शर्तो का पालन निविदाकर्ता द्वारा किया गया है के संबंध में भी उल्लेख होना चाहिए। शपथ पत्र रू0 500–00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित होगा। (शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न हैं।)

2.4 निविदा के साथ निम्नांकित दस्तावेजों की स्केन प्रति जिस पर फर्म के सील सहित हस्ताक्षर होने चाहिए निविदा के साथ अपलोड करें:–
(क) जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।
(ख) आयकर (PAN CARD) कार्ड की छाया प्रति संलग्न करें।
(ग) संस्था/फर्म/कंपनी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.5 निविदाकर्ता को फोटाकॉपी एवं स्पाईरल बाईण्डिग निर्माता कंपनी/अधिकृत डीलर होने का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

2.6 आयकर के पिछले तीन (2021–22, 2022–23, 2023–24) ऐसेसमेन्ट वर्ष के रिटर्न की छाया प्रति संलग्न करें।

2.7 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000–00 वापसी नहीं है।

2.8 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ट पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। **किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे संलग्न न किया माना जावेगा।**

**2.9 निविदा के साथ ऑन–लाईन जमा किए जाने वाले समस्त प्रपत्रों की चैक लिस्ट की सूची निविदा के कमांक अनुसार पेज नम्बर सहित अनिवार्य रूप से संलग्न करें। अनावश्यक प्रपत्र संलग्न एवं आवश्यक प्रपत्र संलग्न न करने पर निविदा निरस्त की जा सकती है।**

## भाग–3
## निविदा की अन्य शर्ते

3.1 सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय के साथ एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध के पूर्व निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन किया जावेगा। यदि फर्म द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति अथवा जानकारी असत्य पाई जाती है तो निविदा को निरस्त करने एवं सुरक्षा निधि/बैंक गारंटी/डी.डी जब्त करते हुए ब्लैक लिस्ट करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा।

3.2 निविदा में सफल फर्म को निविदा के कुल मूल्य की 03 प्रतिशत बैंक गारंटी/डी.डी. भोपाल जिला मुख्यालय में स्थित राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा से तैयार कर विश्वविद्यालय में अनुबंध के साथ जमा करना होगा। डी.डी/बैंक गारंटी का बैंक से सत्यापन प्राप्त होने के बाद फर्म की सुरक्षा निधि वापस कर दी जावेगी।

3.3 पात्र पाई गई संस्था से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा। जो कि आवश्कतानुसार कार्य की कुशलता को देखते हुए, आपसी सहमति से एक–एक वर्ष बढ़ाते हुए अधिकतम तीन वर्ष बढ़ाया जा सकता है।

3.4 फर्म द्वारा अनुबंध एक सप्ताह में संपादित करना होगा। यदि निविदा में सफल फर्म विश्वविद्यालय द्वारा समय सीमा में अनुबंध करने में असमर्थता व्यक्त करती है। अथवा अनुबंध के बाद कार्य प्रारंभ नही करती है तो फर्म द्वारा जमा सुरक्षा निधि राशि जब्त कर ली जावेगी।

3.5 फर्म द्वारा अनुबंध की तारीख से निविदा में सफल फर्म को 7 दिवस में विश्वविद्यालय में कार्य प्रारंभ करना होगा।

3.6 बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को यह अधिकार होगा कि फर्म को सौपें गए कार्य को ठीक से न करने पर अनुबंध को किसी भी समय निरस्त कर सकता है।

3.7 बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को अधिकार होगा कि वह किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त कर दे। इस संबंध में कोई पत्राचार मान्य नही होगा।

3.8 निविदा में सफल फर्म को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय परिसर में ही कार्य करना होगा। किसी भी रूप में कोई भी दस्तावेज किसी भी कारण से विश्वविद्यालय परिसर से बाहर नही ले जाया जावेगा। विश्वविद्यालय के दस्तावेजों एवं अन्य जानकारी की गोपनीयता बनाए रखना होगा तथा कोई भी जानकारी अनाधिकृत व्यक्ति को बताना वर्जित है। ऐसा पाए जाने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

3.9 निविदा में सफल फर्म को विश्वविद्यालय की आवश्यकतानुसार अवकाश के दिवसों में भी कार्य पूर्ण कर देना होगा।

3.10 यदि फर्म अनुबंध की शर्तो अनुसार समयावधि में कार्य सम्पन्न नही कर पाती है अथवा फर्म के कर्मियों द्वारा घोर लापरवाही, अनियमितता, कार्य में ढिलाई या उनका व्यवहार ठीक न होने का दोषी पाया जाता है तो फर्म द्वारा जमा सुरक्षा निधि जब्त की जा सकेगी। साथ ही फर्म को देय भुगतान से कटौती का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को होगा।

3.11 निविदा में सफल फर्म द्वारा की गई फोटोकॉपी स्वच्छ एवं पाठनीय होना चाहिए तथा किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।

3.12 फर्म द्वारा अनुबंध की शर्तो अनुसार किए जाने वाले कार्य की समीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा की जावेगी। इस समीक्षा में फर्म के प्रमुख को उपस्थित होना आवश्यक है।

3.13 दोनों पक्षों मे से यदि कोई भी पक्ष अनुबंध समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक है। आपात स्थिति में विश्वविद्यालय के पास कभी भी अनुबंध समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

3.14 निविदा में सफल फर्म को प्रत्येक माह के अंत में बिल कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के नाम से प्रस्तुत करना होगा।

3.15 विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/कक्षों से फोटोकॉपी कार्य हेतु एक निर्धारित प्रारूप में स्लिप जारी की जावेगी। जिसमें संबंधित विभाग तथा भण्डार शाखा में अधिकृत एक कर्मचारी के हस्ताक्षर होगें। यह स्लिप प्राप्त करने के पश्चात् ही निविदा में सफल फर्म फोटोकॉपी कार्य करेगा।

3.16 विश्वविद्यालय द्वारा निविदा में सफल फर्म को किए जाने वाले भुगतान से नियमानुसार टी.डी.एस. की कटौती की जावेगी।

3.17 फर्म के कर्मचारियों को कार्य हेतु स्थान, बिजली आदि विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जावेगा।

3.18 फर्म को फोटोकापीयर मशीन, स्पाईरल बाईण्डिग मशीन, कटर मशीन एवं फोटोकॉपी पेपर, टोनर, फोटोकापीयर का मेन्टेनेन्स एवं अन्य संबंधित उपकरण आदि की व्यवस्था स्वयं करना होगी।

3.19 निविदाकार की कोई शर्त मान्य नही होगी।

3.20 जिन फर्मो की निविदा मान्य नही होगी, उनकी सुरक्षा निधि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

3.21 दरें कर रहित (Without tax) होगी। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी वित्तीय निविदा प्रपत्र में देवें। दरें समान होने पर कार्य के अनुभव को फर्म के रजिस्ट्रेशन के आधार पर चयनित किया जाएगा।

3.22 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.23 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर सकारण निरस्त करने का पूर्ण अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, के पास सुरक्षित रहेगा।

3.24 निविदा प्रक्रिया में संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।

3.25 निविदा विषयक विवाद में अंतिम निर्णय कुलगुरू, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल का होगा।

3.26 निविदाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई वित्तीय दर समान होने पर समिति स्वविवेक से पैरामीटर/प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारित हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी का दावा/आपत्ति मान्य नही होगी।

3.27 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

**निम्नानुसार दस्तावेजों फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित नंबरिंग करने के उपरांत स्केन कॉपी अपलोड की जाना हैं।**

| स.क्र. | विवरण | संलग्न जानकारी का विवरण | फर्म द्वारा प्रस्तुत निविदा के दस्तावेजों का पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र के मूल्य रूपये 1,000–00(रू. एक हजार मात्र) ऑन लाईन जमा रसीद। | Bank/UTR No.<br>Dt:- | |
| 02 | सुरक्षा निधि की राशि रूपये 18,000–00 (रू. अट्ठारह हजार मात्र) ऑन–लाईन जमा की रसीद | Bank/UTR No.<br>Dt:- | |
| 03 | फर्म द्वारा पिछले पॉच (2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23, 2023–24) में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो में मान्यता प्राप्त संस्था हेतु फोटाकॉपी एवं स्पाईरल बाईण्डिग कार्य का अनुभव होना चाहिए। संबंधित संस्था का कार्य आदेश/प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें। | | |
| 04 | निविदाकर्ता फर्म का पिछले पॉच (2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23, 2023–24) वर्षो में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षों में न्यूनतम रू. 18–00 लाख प्रतिवर्ष का टर्न ओवर का होना अनिवार्य हैं। फर्म के टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से हस्ताक्षरित प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करें। | | |
| 05 | निविदाकर्ता फर्म किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, तथा शपथ पत्र में सभी निर्धारित शर्तो का पालन निविदाकर्ता द्वारा किया गया है के संबंध में भी उल्लेख होना चाहिए। शपथ पत्र रू0 500–00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित होगा। (शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न हैं।) | | |
| 06 | जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। | जी.एस.टी. नम्बर:- | |
| 07 | PAN CARD (आयकर) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें। | | |
| 08 | संस्था/फर्म/कंपनी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। | | |
| 09 | आयकर के पिछले तीन (2021–22, 2022–23, 2023–24) ऐसेसमेन्ट वर्ष के रिटर्न की छाया प्रति संलग्न करें। | | |
| 10 | निविदाकर्ता को फोटाकॉपी एवं स्पाईरल बाईण्डिग निर्माता कंपनी/अधिकृत डीलर होने का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। | | |
| 11 | प्रपत्र ए–1 | | |

**प्रपत्र ए – 1**
**(निविदा प्रपत्र)**

प्रति,

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– **फोटोकॉपी कार्य प्रथम ई– निविदा वर्ष 2024 बाबत्।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| स.क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एवं लेंडलाईन) | |
| 06 | ई–मेल | |

**प्रमाण – पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग "1", "2", "3", "4", "5", "6" दर्शित शर्तो के अनुसार **फोटोकॉपी कार्य की प्रथम ई–निविदा वर्ष–2024** का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करता हुँ।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

**शपथ पत्र**
**रू0 500–00 के स्टाम्प पेपर पर**
**नोटरी से सत्यापित**

मैं———————————————द्वारा प्रोप्राइटर मेसर्स————————————————————
निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ किः–

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था/अर्द्धशासकीय संस्था/अशासकीय उपक्रम से कभी भी ब्लैकलिस्टेड नहीं किया गया हैं।
(2) यह कि फर्म निविदा में दी गई सभी शर्तो को पूर्ण करती है।
(3) यह कि फर्म का " फोटोकॉपी कार्य संबंधी कोई भी कानूनी विवाद में न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है।
(4) यह कि फर्म को किसी शासकीय संस्था/अर्द्धशासकीय संस्था/अशासकीय उपक्रम/बैंक से दिवालिया घोषित नहीं किया गया है।
(5) फर्म की विरूद्ध किसी भी थाने मे कोई भी अपराधीक प्रकरण पंजीकृत नही है।
(6) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने तथा सुरक्षा निधि जब्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (6) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

शपथग्रहिता

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
## फोटोकॉपी कार्य की प्रथम ई–निविदा वर्ष : 2024
### भाग–4
### (वित्तीय निविदा)

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम | |

| स. क्र. | विवरण | दर (रूपये प्रति नग अंको में) |
|---|---|---|
| 1 | ए–4 साईज की फोटोकॉपी प्रति नग रूपये में | |
| 2 | ए–3 साईज की फोटोकॉपी प्रति नग रूपये में | |
| 3 | फुल साईज फोटोकॉपी प्रति नग रूपये में | |
| 4 | स्पाईरल वाइंडिग की दर प्रति सेट रूपये में | |

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कर का नाम एवं दर : | |
| 02 | कर का नाम एवं दर : | |